भारत सरकार
खान मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2376
दिनांक 15.03.2023 को उत्तर देने के लिए
एयरो जियो-फिजिकल मैपिंग प्रोजेक्ट

†2376. श्री जयंत सिन्हा:

क्या **खान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क) गहराई में स्थित खनिजों के संबंध में जानकारी एकत्र करने के लिए नेशनल एयरो जियो-फिजिकल मैपिंग प्रोजेक्ट की मुख्य विशेषताएं क्या हैं;
(ख) जनवरी, 2023 तक प्राप्त उपलब्धियां और क्षेत्र के प्रकार के आधार पर परियोजना के लक्ष्यों का ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या झारखंड के खनिजों के बारे में कोई महत्वपूर्ण जानकारी एकत्र की गई है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
खान, कोयला एवं संसदीय कार्य मंत्री
(श्री प्रल्हाद जोशी)

(क): भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) 2017 से "नेशनल एयरो-जियोफिजिकल मैपिंग प्रोग्राम (एनएजीएमपी)" नामक क्षेत्रीय एयरो-जियोफिजिकल सर्वेक्षण की राष्ट्रीय परियोजना को क्रियान्वित कर रहा है ताकि चरण-1 में एनएमईटी निधि का उपयोग करके आउटसोर्सिंग के माध्यम से स्पष्ट भूवैज्ञानिक संभावित (ओजीपी) क्षेत्र (12 ब्लॉकों में) शुरु में 7.78 लाख वर्ग किलोमीटर के प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में समान चुंबकीय (क्षैतिज ग्रेडियोमेट्री) और गामा रे स्पेक्ट्रोमीटर डेटा प्राप्त किया जा सके। अन्य क्षेत्रों को चरण -2 में शामिल किया जाएगा।

80 मीटर ऊंचाई की उड़ान के माध्यम से एकत्र किए गए निर्बाध हाई रेजोल्यूशन क्षेत्रीय डेटा अधिग्रहण का उद्देश्य है छिपी हुई, गभीरस्थ संरचना / लिथो-इकाइयों को चित्रित करना, जहाँ खनिजों की मौजूदगी की संभावना हो, खनिज लक्ष्यीकरण के लिए खनिजों की मौजूदगी वाले उपयुक्त क्षेत्रों के पूर्वानुमान के संदर्भ में मौजूदा खनिजीकृत क्षेत्र के विस्तार को चित्रित करना और उथले क्रस्टल संरचना को समझना है।

एनएजीएमपी के तहत पहले चरण के अध्ययन के भाग के रूप में, 2.68 लाख वर्ग किमी क्षेत्र के 5 ब्लॉक पूरे किए जा चुके हैं और भविष्य के खनिज गवेषण कार्यक्रम को शुरू करने के लिए 150 संभावित क्षेत्रों की पहचान की गई है जिससे अगले चरण का विस्तृत विवरण तैयार किया जा सके।

(ख): पूर्ण/चालू ब्लॉकों का विवरण अनुबंध-1 और 2 में दिया गया है।

(ग) और (घ): झारखंड के कुल 4,453 वर्ग किमी क्षेत्र को एनएजीएमपी द्वारा कवर किया गया है और झारखंड के पलामू और गढ़वा जिलों के कुछ हिस्सों में व्यवस्थित सर्वेक्षण और गवेषण के माध्यम से जमीनी सत्यापन के लिए चयनित संभावित क्षेत्रों की पहचान की गई है।

*****

पूर्ण किए गए सर्वेक्षण ब्लॉकों में भू भाग के प्रकार और उपलब्धियों के आधार पर एनएजीएमपी परियोजना का विवरण:

सर्वे ब्लॉक सं..	लक्ष्य क्षेत्र वर्ग कि.मी	लक्ष्य लाइन कि.मी	स्थिति	कुल चिन्हित संभावित गवेषण लक्ष्य क्षेत्र	भूवैज्ञानिक डोमेन
ब्लॉक -1	52,700	1,93,234	पूर्ण किया गया	13 क्षेत्र	मुख्य सुपरग्रुप्स: अरावली सुपरग्रुप दिल्ली सुपरग्रुप मारवाड़ सुपरग्रुप मैलानी इग्नेयससूटइन चार सुपरग्रुप्स के अलावा निम्नलिखित अलग-अलग डोमेन का वर्णन किया गया है: सेंदरा-अंबाजी एंड एरिनपुरा ग्रेनाइट्स, बाड़मेर बेसिन और लाठी एवं फतेहगढ़ बनावटके मेसोज़ोइक तलछट और मुंडवाड़ा और सरनू-दंडली क्षारीय परिसर।
ब्लॉक -2	43,822	1,60,681	पूर्ण किया गया	18 क्षेत्र	पैलियोप्रोटेरोज़ोइक बुंदेलखंड ग्रेनाइटॉइड परिसर, विंध्यनप्लेटफ़ॉर्मल तलछट, बुंदेलखंड शैल परिसर और डेक्कन ट्रैप
ब्लॉक -3	39,144	1,43,530	पूर्ण किया गया	50 क्षेत्र	महाकौशल समूह, मेसोप्रोटेरोज़ोइक विंध्यनसुपरग्रुप, छोटानागपुर शैल परिसर, गोंडवाना सुपरग्रुप, क्रेटेशियस डेक्कन ट्रैप और पैलियोप्रोटेरोज़ोइक ग्रैनिटोइड्स
ब्लॉक -4	44,861	1,64,490	पूर्ण किया गया	29 क्षेत्र	बस्तर क्रेटन, धारवाड़ क्रेटन, उत्तर भारत क्रेटन, गोदावरी ग्रैबेन, सेंट्रल इंडियन शियर ज़ोन, डेक्कन ट्रैप और गोंडवाना सुपरग्रुप
ब्लॉक -11	87,429	3,20,488	पूर्ण किया गया	40 क्षेत्र	आर्कियन सरगुर समूह, प्रायद्वीपीय शैल परिसर, पूर्वी घाट मोबाइल बेल्ट, कडप्पा बेसिन, गोंडवाना तलछट और दक्षिणी ग्रेन्युलाइट भूभाग
कुल	**2,67,956**	**9,82,423**	पूर्ण किया गया	**150** क्षेत्र	

अनुबंध-2

31 जनवरी, **2023** तक भू भाग के प्रकार और की गई उपलब्धियों के आधार पर चालू सर्वेक्षण ब्लॉकों के एनएजीएमपी परियोजना का विवरण:

सर्वे ब्लॉक सं.	लक्ष्य क्षेत्र वर्ग कि.मी	लक्ष्य लाइन कि.मी	स्थिति	भूवैज्ञानिक डोमेन	टिप्पणियां
ब्लॉक-6	76,049	278,846	13,747 लाइनकि.मी (31.01.2023तक)	धारवाड़, कैल्क-क्षारीय क्लोज़पेट ग्रेनाइट, जिसमें ग्रेनाइट - ग्रीनस्टोन क्षेत्र और बुंदेलखंड और बस्तर, ग्रेनाइट प्लूटोन और ग्रेनाइटिक शैल शामिल हैं जो हाल ही में सृजित तलछट से ढके हुए हैं।	05 दिसंबर, 2022 को चंद्रपुर एयर बेस से एयरो-जियोफिजिकल सर्वेक्षण प्रचालन शुरू हो गया है। सर्वेक्षण प्रचालन जारी है। 31.01.2023 तक कुल 13,747 लाइन किलोमीटर का सर्वेक्षण पूरा किया जा चुका है।
ब्लॉक-8	87,914	322,351	88,166 लाइन कि.मी (31.01.2023तक)	धारवाड़, कैल्क-क्षारीय क्लोज़पेट ग्रेनाइट, ग्रेनाइट - ग्रीनस्टोन वाले क्षेत्र से बना है	30 नवंबर, 2022 को पुट्टपर्थी एयर बेस से एयरो-जियोफिजिकल सर्वेक्षण प्रचालन शुरू हो गया है। सर्वेक्षण प्रचालन प्रगति पर है। 31.01.2023 तक कुल 88,166 लाइन किलोमीटर का सर्वेक्षण पूरा कर लिया गया है।
कुल	**1,63,963**	**6,01,197**	**1,01,913** लाइन कि.मी		

*****